अब बगूंडा ने हाल चाल
करना भी सीख लिया था।
कभी-कभी वह हिन्दी भी समझी
भी करने लगी थी।
वह डाक्टर के साथ भी चिपक जाता

डॉ० एस० एस० भंडा
पुलिस वैन से
बैठे हुए

जाँच शाखा के
डी० एस० पी०
श्री नरेन्द्रनाथ दुर्ल

विद्या जैन केस
के जाँचकर्ता
इन्सपेक्टर
पंडित फकीरचंद

अभियुक्त—
कल्याण गुप्त

अभियुक्त—
भागीरथ

धन्देश शर्मा का प्र
साथी राकेश कौशिक
जिसने सर्वप्रथम धन्दे
का साथ दिया

डा० एम०
के करीब
दिखती ला

डा० एम०
के करीब
लगता

करतार सिंह
के वकील
श्री एम० सी० श…

भागीरथ के
वकील
श्री मनबीर सिंह

कौशिक
वकील
स बगा
ाण गुप्ता
के वकील
ाह खान

श्री सिद्धू की अदालत
का बन्द कमरा
चौकसी पर पुलिस
फैसला सुनाते
समय दरवाजा खोल दिया
गया था

हत्या की वह रात

४ दिसम्बर, १९७३ की रात थी। दिल्ली में कड़ाके की सर्दी पड़ रही थी। हल्का-हल्का कोहरा पड़ना शुरू हो गया था। हवा बरफीली जरूर थी, मगर ठहरी-ठहरी। आकाश में चाँद छिटक आया था। चाँद की हल्की-हल्की किरणें वातावरण में छाए कोहरे को काटने की कोशिश कर रही थीं। उजाले और धुंधलके के बीच का यह वातावरण कुछ-कुछ भयावह लग रहा था।

अभी रात के लगभग सात बजे थे। यों वक्त कुछ ज्यादा न था, मगर लोग अपने-अपने घरों में दुबके पड़े थे। पुरानी दिल्ली की बात अलग है, वहाँ सर्दियों में भी ८-९ बजे तक लोग गपशप करते-करते बतियाते रहते हैं। मगर यह किस्सा दिल्ली की अत्यन्त पोश कॉलोनी डिफेन्स कॉलोनी का था। बड़ी-बड़ी शानदार कोठियाँ, सम्पन्न लोग और अभिजात्य वातावरण—डिफेन्स कॉलोनी दिल्ली की अमीर और खूबसूरत कॉलोनियों में अग्रणी है। यहाँ लोग आपस में ज्यादा मिलते-जुलते नहीं। अपने तक ही सीमित रहते हैं। शायद आभिजातीयता की यह पहली निशानी होती है।

उस समय डिफेन्स कॉलोनी सन्नाटे में डूबी थी। सड़कें खाली-खाली, गलियाँ चुप-चुप और लोग अपने-अपने घरों में बंद।

डिफेन्स कॉलोनी के पुल से उतरते ही बाईं तरफ वाली सड़क के साथ-साथ डी-ब्लाक है। इस डी-ब्लाक में एक आलीशान कोठी है—डी-२११। इस कोठी में अन्तर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त नेत्र-चिकित्सक डा०

नरेन्द्र सिंह जैन रहते हैं। साथ रहती हैं उनकी धर्मपत्नी श्री
जैन। जैन दम्पति के दो पुत्र भी हैं। चार व्यक्तियों के हिस
कोठी बहुत बड़ी है। बड़े-बड़े कमरे, दर्जनों नौकर और
अतिथियों व रोगियों की गहमा-गहमी। इस तरह यह को
गुलजार रहती है।

रात को लगभग पौने सात बजे डा० जैन अपने क्लीनिक
कोठी पर पहुँचे। उन्होंने अपनी फियेट कार अपनी पड़ोसी श्रीम
खन्ना की कोठी, डी-२९२ के सामने खड़ी की। कोठी के
एक बरसाती नाला है। कार इस तरह खड़ी की गई कि उस
तरफ नाला पड़ता था।

उस समय डी-२९२ नम्बर वाली कोठी में बिल्कुल
श्रीमती शीला खन्ना पहली मंजिल पर रहती हैं। लेकिन उस
कहीं बाहर गई हुई थीं। घर में उस समय कोई और व्यक्ति
अतः डी-२९२ कोठी की पहली मंजिल अंधेरे में डूबी हुई थी।
निचली मंजिल पर कोई रहता न था और वह बन्द पड़ी थी।

डा० जैन अपनी कार खड़ी कर अपनी कोठी की ओर लपके
कदमों में आज कुछ ज्यादा तेजी थी। आज उन्हें अपनी पत्नी
किसी के यहां जाना था। यह बात उन्होंने अपनी पत्नी को
से फोन पर कह दी थी और सात बजे तक तैयार रहने को कह

डा० जैन घर में घुसे तो देखा कि विद्या जैन बाहर जाने
तैयार उनकी प्रतीक्षा कर रही हैं। पत्नी को तैयार देख डा० जैन
में सांस आई। उन्हें डर था कि कहीं वह जाने के लिए मना न
क्योंकि फोन पर उसने शाम को बाहर जाने की अनिच्छा जाहिर

डा० जैन उस समय कुछ बेचैन लग रहे थे। कुछ थके-थके
रहे थे। पत्नी ने सोचा कि क्लीनिक में काम अधिक होगा।
घूमने से ठीक हो जायेंगे।

डा० जैन ने पत्नी से उस समय कोई बात न की। सिर्फ पानी
ठंडा गिलास लिया, टाई ठीक की और बाहर चलने को उद्यत हो

चलते-चलते विद्या जैन रुक गईं। उन्हें लगा कि उन्होंने आभूषण कम पहन रखे हैं।

"तुम तब तक चलो, मैं जरा हार पहन कर अभी आई" विद्या ने अपने पति से कहा और दूसरे कमरे में चली गईं।

डा० जैन चुपचाप नीचे चले आए और कोठी के पोर्च में खड़े अपनी पत्नी की प्रतीक्षा करने लगे।

एक मिनट बीता, दो मिनट बीते, मगर विद्या जैन नीचे न आईं। डा० जैन से रहा न गया। उन्होंने ऊँचे स्वर में पत्नी को आवाज दी और जल्दी चलने को कहा।

कुछ ही देर में विद्या जैन बाहर आ गईं। डा० जैन ने अपनी पत्नी की बगल में हाथ डाला और उसे बाहर खड़ी कार की ओर ले चले। उस समय दोनों पति-पत्नी बिल्कुल चुप थे।

अब रात के लगभग सात बज चुके थे। घड़ी की सुइयाँ चल रही थीं और चार कदम मकान के बाहर खड़ी कार तक बढ़ रहे थे। कार के पास पहुँचते ही डा० जैन ने अपनी पत्नी की बगल से हाथ निकाला और कार का दरवाजा खोलने के लिए दाईं तरफ को हो लिए। उन्होंने पत्नी को बाईं तरफ से आकर कार में आगे बैठने को कहा। श्रीमती जैन कार की बाईं तरफ को होकर कार के दरवाजे की ओर बढ़ीं।

बस, यहीं एक अकल्पित घटित हो गया।

जैसे ही श्रीमती विद्या जैन कार में घुसने वाली थीं कि उन पर दो व्यक्ति अंधेरे से निकल कर झपट पड़े। एक ने उन्हें दबोचा और दूसरे ने उनपर लगातार चाकू से वार किये।

उधर डा० जैन को लगा कि पास के नाले से एक प्रकार की घिघियाती सी आवाज उठी। वह नाले की तरफ पलटे तो उन्होंने एक व्यक्ति को नाले से बाहर निकल कर भागते देखा। दूसरा व्यक्ति पहले भाग चला था।

जैन वहीं भागते हुए आक्रमणकारियों का पीछा न करें,
उनमें से एक व्यक्ति ने डा० जैन पर पिस्तौलनुमा कोई
डा० जैन वहीं खड़े-के-खड़े रह गये। मगर सहायता के लिए
जोर से चिल्लाने लगे। दोनों आक्रमणकारी पास ही खड़ी
एक टैक्सी में सवार हुए और निकल भागे।

डा० जैन की आतंकित आवाजें सुनकर उनके कोठी के
भागे आये।

भागे में झांक कर देखा गया तो पता चला कि
जैन खून में लथपथ पड़ी थीं। नौकरों की सहायता से डा०
आहत पत्नी को भागे से बाहर निकाला और उन्हें अपनी
में ले गये।

उस समय श्रीमती विद्या जैन कराह-सी रही थीं और
के लिए छटपटा-सी रही थीं। तत्काल डा० जैन ने अपने एक
डाक्टर बुला लाने के लिए भेजा।

मगर उधर श्रीमती विद्या जैन की बिगड़ती हालत
जैन ने उन्हें अस्पताल ले जाने का निर्णय लिया। उन्होंने
की प्रतीक्षा नहीं की।

आहत श्रीमती विद्या जैन को कार में लिटाया गया और
कार को बहादुरशाह जफर मार्ग पर स्थित डा० सेन नर्सिंग
गए।

विद्या जैन मृत घोषित

सेन नर्सिंग होम' दिल्ली के प्रसिद्ध क्लीनिकों में से एक
ज्यादातर सम्पन्न लोग अपना इलाज कराते थे। काफी दिन
हो चुका है। उस समय लगभग पौने आठ का समय हो गया
होम के डाक्टर डा० एस० के० सेन रिसेप्शन डेस्क पर
दिन का काम लगभग समाप्त हो चुका था और डा० सेन घर
तैयारी कर रहे थे।

अचानक पोर्च में एक फियेट कार आ खड़ी हुई। कार में से डा०
निकले और यह चिल्लाते हुए डा० सेन की ओर लपके कि उन्होंने
पत्नी को घायल कर दिया है, कुछ करो?

डा० जैन डा० सेन के पुराने परिचित थे। अतः डा० सेन ने मामले
गम्भीरता देखते हुए तत्काल एक डाक्टर और एक नर्स को घायल
री जैन को भीतर लाने को कहा।

स्ट्रेचर पर श्रीमती विद्या जैन को लादकर रिसेप्शन तक लाया गया।
र लोग श्रीमती विद्या जैन की नब्ज व हृदयगति टटोल रहे थे।
डा० सेन ने श्रीमती विद्या जैन का चेहरा देखते ही कह दिया कि
हो मर चुकी हैं। यह सुनकर डा० जैन अत्यन्त रुआंसे-से हो गये।
सेन ने अपने मित्र को तसल्ली दी।

डा० जैन बेहद परेशान थे। पत्नी की हत्या ने उन्हें विचलित
दिया था। डा० जैन की ऐसी मनःस्थिति देखकर डा० सेन ने सोचा
मौजूदा स्थिति में डा० जैन को किसी सहारे की जरूरत है। अतः उन्होंने
जैन के बहनोई जनरल वीरेन्द्र सिंह को फोन कर दिया। तत्पश्चात
सेन ने अपनी रिसेप्शनिस्ट द्वारा डिफेन्स कालोनी पुलिस को इस
ना की सूचना दे दी।

लगभग ८-२० पर जनरल वीरेन्द्र सिंह सेन नर्सिंग होम पहुँच गये।
जैन ने अपने बहनोई को सारा मामला कह सुनाया। जनरल
न्द्र सिंह ने देरी नहीं की। उन्होंने दिल्ली की तमाम बड़ी हस्तियों
फोन खटखटा दिये, जिनमें दिल्ली के लै० गवर्नर, इंसपेक्टर-जनरल-
पुलिस, डिप्टी-कमीश्नर, रक्षा-सचिव आदि शामिल थे।

डाक्टर जैन दिल्ली की बहुत बड़ी हस्ती हैं, अतः तत्काल दिल्ली
स हरकत में आ गई। कुछ ही देर में दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधि-
घटनास्थल पर पहुँच गये और मामले की तहकीकात शुरू हो

श्रीमती विद्या जैन की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।
पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर ने उस रात पोस्टमार्टम नहीं किया।

डाक्टर की राय थी कि यह मामला अत्यन्त महत्वपूर्ण है, ... ही पोस्टमार्टम करना बेहतर होगा। हो सकता है कि ... मार्टम करने में कुछ कमी रह जाये।

उधर विद्या जैन की हत्या की अफरा-तफरी में ... बीत चुकी थी। अतः पुलिस मामले की ज्यादा जांच न कर ... बस्ता डा० जैन, उनके घर पर उस दिन ठहरे हुए अतिथि ... व उनकी अमरीकन पत्नी किरनबाई आदि से पूछताछ क...

अगली सुबह अर्थात् ५ दिसम्बर, १९७३ को सारी ... तेज़ी में आ गई।

जहां-जहां श्रीमती विद्या जैन का खून गिरा था, ... मिट्टी के नमूने इकट्ठे किए गए। नाले में ही पुलिस को ... जैन के आभूषणों के कुछ मोती आदि मिले। यहीं ·०३२ ... गोली भी मिली। डा० जैन, रामसिंह, किरन बाई आदि ... खूनसने कपड़े जब्त कर लिए गए। कार में से भी रक्त के ... गए। पुलिस फोटोग्राफर ने जगह-जगह के चित्र लिए।

आवश्यक खाना-पूरी करने के बाद पुलिस ने डाक्टर ... ध्यान केन्द्रित किया, क्योंकि वारदात के समय घटनास्थल ... ही मौजूद थे।

इस पेचीदे मामले की गम्भीरता देखते हुए विद्या जैन-ह... जांच का भार अपराध शाखा को सौंप दिया गया। ... एस० पी० अशोक पटेल, डी० एस० पी० नरेन्द्रनाथ कुली ... कठोर श्रम और जी-जान से इस मामले को सुलझाने में लग ग...

पुलिस को मामला काफी पेचीदा व रहस्यपूर्ण लग रह... इतना साफ नहीं था जैसा कि डा० जैन ने बताया था। ... कई बड़ी-बड़ी असंगतियां थीं, कई संदिग्ध तत्व थे और कई ... पहले तो पुलिस को डा० जैन का आचरण ही असामान्य व ... रहा था। उन्होंने उस दिन अपनी कार अपने पड़ोसी की ... क्यों पार्क की जबकि आम तौर पर वह अपनी कार अपनी ...

मने पार्क करते थे? पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता लगा कि श्रीमती
द्या जैन के शरीर पर छुरे के १४ घाव थे। १४ घाव करने में
यारों को कम से कम ३-४ मिनट तो लगे ही होंगे। इस बीच डा० जैन
ा करते रहे? वह उसी समय क्यों नहीं सहायता के लिए चिल्लाए
ब उनकी पत्नी की हत्या की जा रही थी? वह बाद में ही क्यों चिल्लाए,
ब हत्यारे अपना काम करके भाग रहे थे? श्रीमती विद्या जैन को
स्पताल ले जाना था तो डा० जैन को उन्हें मूलचन्द अस्पताल या आल
डिया इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस या फिर सफदरजंग अस्पताल ले
जाना चाहिए था, न कि सेन नर्सिंग होम, क्योंकि पहले तीनों अस्पताल
डिफेन्स कॉलोनी के पास थे और सेन नर्सिंग होम काफी दूर था। श्रीमती
द्या जैन जिस वक्त जीवन और मृत्यु की लड़ाई लड़ रही थीं, उस वक्त
डा० जैन ने उन्हें सेन नर्सिंग होम जैसी दूर जगह ले जाकर उस कीमती
मय को क्यों बरबाद किया? दूसरी महत्वपूर्ण बात तो यह थी कि
हत्यारों ने किस प्रयोजन से श्रीमती विद्या जैन की हत्या की? यदि
हत्या धन के लिए थी तो हत्यारे श्रीमती विद्या जैन के शरीर के १५-२०
हजार के आभूषण कैसे हो न छोड़ जाते। साथ ही हत्यारों को जैन दम्पति
के कार्य-क्रम का कैसे पता चला कि अमुक समय दोनों घर से बाहर
निकलेंगे? हत्या के समय हत्यारों ने डा० जैन को छुआ तक नहीं, क्यों?
आम तौर पर यदि दो व्यक्तियों में से एक की हत्या करनी हो तो हत्यारे
दूसरे व्यक्ति को भी दबोचे रहते हैं कि कहीं वह हत्या के समय प्रतिरोध
न करे, मगर इस मामले में ऐसा कुछ नहीं हुआ, क्यों?

जब उनकी पत्नी की हत्या की जा रही थी तो डाक्टर खामोश व
तटस्थ क्यों रहे? ऐसी स्थिति में हर पति अपनी पत्नी के बचाव के लिए
आक्रमणकारियों से भिड़ जायेगा।

डा० जैन ने हत्यारों का हुलिया बयान करते हुए पुलिस को बताया
था कि वे दोनों जवान उमर के थे। मगर बाद की जाँच से पता चला
कि हत्यारे ४०-४५ वर्ष की आयु के हैं। डा० जैन ने हत्यारों का गलत
हुलिया बयान करके पुलिस को क्यों गुमराह किया?

हत्या वाले दिन शाम को डाक्टर जैन के क्लीनिक से उनके ड्राइवर ...र्मसिंह, उनकी अमरीकन पत्नी किरणबाई व उनका साला, 'अन्य महिला' डा० जैन की कार में डिफेंस कालोनी में तक आए ...लिस इस बात का पता लगाने में परेशान थी कि वह 'अन्य म... ...ौन थी ?

कुछ इसी तरह के सन्देह पुलिस के दिमाग में उमड़-घुमड़ ...लिस को लगा कि डा० जैन ही वह व्यक्ति हैं जिनके ... ...ामले की तह तक पहुंचा जा सकता है। एक तो डा० जैन ...र मौजूद थे और हत्या उनकी आंखों के सामने हुई। दूसरे डा० ...विद्या जैन के पति हैं। अतः हत्या के प्रयोजन पर डा० जैन ...काश डाल सकते हैं। इन्हीं बातों को सोचकर पुलिस ने डा० ...छताछ शुरू कर दी।

डा० जैन गिरफ्तार

डा० जैन का ख्याल था कि वह दिल्ली की इतनी बड़ी हस्ती ...पुलिस उन पर किसी तरह का सन्देह न करेगी। वह सोचते थे कि जो कुछ पुलिस को बताएंगे, पुलिस उसी लाइन पर जांच करेगी ...उन पर किसी का शक भी न जाएगा। मगर यहीं डा० जैन गलत थे। वह भूल गए कि न्यायिक जांच में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता, ...गरीब सब बराबर होते हैं।

विद्या जैन की हत्या के बाद भी डा० जैन काफी संयत रूप ... पुलिस के सामने उन्होंने अपना रोबदाब व दबदबा बनाए रखा। अधिकारी पूछ-पूछ कर हार गए, मगर डा० जैन अपने पहले के ...से जरा भी न डिगे। पुलिस काफी परेशान थी। परेशानी इसलि... भी बढ़ गई, क्योंकि डा० जैन एक प्रतिष्ठित चिकित्सक थे। पहुंच दूर-दूर तक थी। कोई साधारण अपराधी होता तो उस प... डिग्री का मार्ग अपनाया जाता। मगर डा० जैन पर इस प्रयोग ... भी सोचना खतरे से खाली न था।

ऐसी स्थिति में अपराध शाखा के युवा एस० पी०, अशोक पटेल ने [?]ी जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली। पहले उन्होंने हर पहलू का सूक्ष्म [?]ययन किया। जब उन्हें पक्का विश्वास हो गया कि इस मामले में [?]० जैन ने बहुत बड़ी भूमिका अदा की है तो वह मामले की तह तक जाने [?]ी-जान से जुट गए।

कहते हैं कि आई० जी० पुलिस व अशोक पटेल पर काफी राज-[?]तिक दबाव डाला गया कि इस मामले में डा० जैन को न फंसाया [?]ए। मगर पुलिस के दोनों अधिकारी दृढ़प्रतिज्ञ थे कि केस की जांच [?]ष्पक्ष तथा बिना किसी दुराग्रह की जाए। यदि जांच के परिणाम [?]० जैन के विरुद्ध जाते हैं तो जाएं। *यदि डा० जैन अपराधी निकलते* तो उन्हें छोड़ा नहीं जाएगा।

बस, फिर क्या था। डा० जैन से इतनी जबरदस्त पूछताछ की गई [?]ि अन्ततः वह पिघल उठे। कहते हैं कि डा० जैन से पूछताछ भी बड़े [?]भिजातीय ढंग से की गई। निरन्तर कोई न कोई पुलिस अफसर डा० [?]न पर प्रश्नों की बौछार लगाए रहता। उन्हें एक पल भी विश्राम नहीं [?]रने दिया गया। सोने की बात तो अलग रही। खाना उन्हें खूब बढ़िया [?]लाया गया, यानी की भर के मुर्ग-मुसल्लम। मगर खाने के बाद पानी [?]हीं दिया गया। पुलिस की इतनी कड़ी पूछताछ के बाद डा० जैन हार [?]े गए और उन्होंने एक-एक करके विद्या जैन हत्याकांड के सम्पूर्ण [?]ड्यन्त्र का कच्चा चिट्ठा खोल दिया।

९ दिसम्बर, १९७३ को डा० जैन को अपनी पत्नी श्रीमती विद्या जैन की हत्या के षड़यन्त्र के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। डा० जैन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक के बाद एक कई और गिरफ्तारियां कीं। १० दिसम्बर, १९७३ को डा० जैन की भूतपूर्व सेक्रेटरी श्रीमती चन्द्रेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। इसी दिन चन्द्रेश शर्मा के धर्म-भाई मिलिट्री के हवलदार राके[?] कौशिक को दिल्ली कैन्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। इसके साथ ह[?] टैक्सी ड्राइवर रामजीलाल, कोटला-मुबारकपुर निवासी, करतार सिं[?]

: नीचे पुलिस को १८ कारतूस मिले। घर से एक तलवार भी मिली। :सी तरह सोते हुए करतार को भी पकड़ लिया गया। गिरफ्तारी के समय करतार सिंह के हाथ में एक पिस्तौल थी।

इस तरह दिल्ली पुलिस ने विद्या जैन के हत्यारों—करतार सिंह व उजागर सिंह—को बिना किसी खून-खराबे के गिरफ्तार कर लिया।

श्रीमती विद्या जैन की हत्या के षड्यन्त्र के आरोप में पुलिस ने आठ गिरफ्तारियाँ कीं —डा० एन० एस० जैन, राकेश कौशिक, चन्द्रेश शर्मा, भागीरथ, कल्याण गुप्ता, रामजीलाल, करतार सिंह व उजागर सिंह।

यह जिज्ञासा होती है कि एक विद्या जैन की हत्या करने के लिए आठ-आठ व्यक्ति कब, क्यों और कैसे आ जुटे? चन्द्रेश शर्मा का डा० जैन से क्या सम्बन्ध था? और वह हत्या के षड्यन्त्र में क्यों शामिल हुई। राकेश कौशिक की इस षड्यन्त्र में क्या भूमिका रही? भागीरथ, कल्याण गुप्ता, व रामजीलाल कौन हैं? करतार सिंह व उजागर सिंह जैसे कुख्यात बदमाशों को इस षड्यन्त्र में क्यों शामिल किया गया? और अन्ततः डा० जैन ने अपनी पत्नी की हत्या कराने में क्या भूमिका निभाई थी? इन्हीं प्रश्नों के उत्तर हम अगले अध्यायों में अपने पाठकों को देंगे।

पति और पत्नी

५६ वर्षीय डा० नरेन्द्रसिंह जैन एक जिन्दादिल इन्सान हैं। मिलनसार, हंसमुख, रसिक और वाक-पटु—डा० जैन को इन खूबियों ने उन्हें दिल्ली में अत्यन्त लोकप्रिय बना दिया था। वह अत्यन्त 'सोशल' थे। अनेक सभा-सोसायटियों के वह सदस्य हैं। दिल्ली का कोई भी प्रमुख समारोह हो, डा० जैन को उसमें देखा जा सकता था। विद्या जैन की हत्या से कुछ दिन ही पूर्व डा० एन० के० सेन के यहाँ कव्वाली का एक कार्य-क्रम था, जिसमें जैन दम्पति ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया था। डा० सेन के अनुसार उन कव्वालियों का डा० जैन ने बड़ा मजा लिया

रोगी अमीर हो या गरीब, मूलतः वह रोगी ही होता है। डा॰ जैन रने रोगियों का मनोविज्ञान खूब समझते थे। उनकी जिन्दादिली, लनसारी या सद्व्यवहार ने उन्हें अपने रोगियों में अत्यन्त लोकप्रिय ना दिया था। यही कारण था कि देश के कोने-कोने से रोगी उनके पास चे चले आते थे। उनके एक सहायक का कहना है कि एक रोगी डा॰ न से इलाज करवा कर इतना सन्तुष्ट हो जाता था कि वह अगली बार न्य दस रोगी और खींच लाता था। कहने वाले कहते हैं कि डा॰ न का रसिक व्यक्तित्व महिला रोगियों को विशेष रूप से आकर्षित रता था।

डा॰ जैन का क्लीनिक चांदनी चौक, कूचा महाजनी में स्थित था। वह अपना नया क्लीनिक कनॉट प्लेस में खोलने जा रहे थे कि विद्या जैन की हत्या ने उनके भविष्य के सारे कार्य-क्रम को चौपट कर दिया।

एक नेत्र-चिकित्सक के रूप में डा॰ जैन की प्रतिष्ठा को देखकर ही भारत के राष्ट्रपति महोदय ने उन्हें अपना नेत्र-चिकित्सक मनोनीत किया था। इसके अतिरिक्त अनेक मन्त्री, संसद सदस्य एवं उद्योगपति उनसे समय-समय पर इलाज करवाते ही रहते थे। डा॰ जैन की उल्लेखनीय सेवाओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रपति महोदय ने उन्हें पद्मश्री की उपाधि से अलंकृत किया था। यह भी सुना जाता है कि २६ जनवरी १९७४ को राष्ट्रपति महोदय डा॰ जैन को पद्मविभूषण की उपाधि प्रदान करने वाले थे, मगर इससे पूर्व दिसम्बर १९७३ में विद्या जैन की हत्या वाली दुर्घटना हो गई, और डा॰ जैन पद्मविभूषण बनते रह गये।

कुछ ऐसी हस्ती थी डा॰ जैन की। और जब वह अपनी ही पत्नी की हत्या के षड्यन्त्र में अभियोगी बनाए गए तो सनसनी फैलना स्वाभाविक ही था। यहाँ तक भी स्वाभाविक लगता है कि पुलिस पर उस समय काफी राजनीतिक दबाव डाला गया होगा कि इस मामले में डा॰ जैन को न घसीटा जाए।

डा॰ जैन की पत्नी श्रीमती विद्या जैन (४६ वर्ष) एक सम्पन्न

खूबसूरत महिला थीं। [illegible] श्रीमती विद्या जैन हर दृष्टि से एक सुन्दर [illegible] महिला।

अपने यौवन की ही तरह श्रीमती विद्या जैन भी [illegible] थीं। [illegible] किसी न किसी [illegible] होने तो श्रीमती जैन [illegible]

लेकिन स्वभाव से श्रीमती विद्या जैन अत्यन्त [illegible] स्वभाव की महिला थीं। उनके नाज-नखरे भी बड़े थे। घर में वह हमेशा गुस्से से उबलती ही रहतीं। [illegible] घर के अन्दर वह [illegible] और [illegible] महिला के रूप में [illegible] थीं। कुछ था परस्पर विरोधी व्यक्तित्व था उनका।

जैन दम्पति के दो लड़के हैं। बड़ा लड़का प्रदत्त एम० ए० पास छोटा अभी मेडिकल पास हो है।

श्रीमती विद्या जैन एक डायमेस्टिक टेचर की महिला थीं। दोनों लड़कों पर उनका अच्छा-खासा दबदबा था। उनकी मां के रहते, मजाल कि दोनों लड़के बोल भी सकें।

श्रीमती विद्या जैन के गुस्से के सर्वाधिक शिकार होते घर के। जब तक वह घर में रहतीं, नौकरों की आफत आई रहती। घर नौकरों तो उनसे बेहद परेशान रहता था।

डा० जैन क्योंकि मूलतः सौम्य स्वभाव के थे, अतः उनकी पत्नी से पटती न थी। श्रीमती विद्या जैन के कोपों व चिड़चिड़े को देखते हुए डा० जैन अपनी पत्नी से ज्यादा बात करते हुए थे। उन्होंने उसे ढील-सी दे रखी थी। वह विद्या जैन को भाग्य समझना समझाते हुए ढोए जा रहे थे। कहने वाले तो कहते हैं कि वे अपनी पत्नी से काफी डरते थे।

श्रीमती विद्या जैन के व्यक्तित्व का एक दूसरा पहलू भी था, रोमांटिक व रोमांचक। श्रीमती विद्या जैन स्वभाव से रंगीन थीं। पैसा था, प्रतिष्ठा थी, कारें थीं, कोठी थी और था ए

रति व दो होनहार पुत्र। इस सब के बावजूद विद्या जैन अपन
व भाग्य से संतुष्ट न थीं। वह असन्तुष्ट थीं एक अतृप्त प्यास।
आदिम आग से झुलसती हुई विद्या जैन ने यौवन की वह रंगरलि
कि जिसकी परिणति अत्यन्त भयंकर, अत्यन्त भयानक हुई।
कहने वाले कहते हैं कि श्रीमती विद्या जैन हर मौसम के साथ अपना
बदल लेती थीं। लेकिन दो ऐसे नाम हैं जो हर बदलते मौसम के
द उनसे मृत्यु पर्यन्त जुड़े रहे। पहला नाम है, श्री ए० एल० नैयर
ौर दूसरा नाम है श्री प्रेम गुप्ता का। श्री नैयर विद्या जैन के पुराने
थे जबकि प्रेम गुप्ता नये। श्री गुप्ता एक प्रसिद्ध वास्तुशिल्पी
नैयर व गुप्ता दोनों विवाहित हैं।

कहते हैं कि श्रीमती विद्या जैन की रंगरलियां अपने घर में ही होती
डा० जैन अपनी व्यस्तता और कुछ पत्नी से विरक्ति के कारण
र घर से बाहर रहते थे। दोनों पुत्र भी अक्सर बाहर ही रहते
इनकी अनुपस्थिति मे इतनी बड़ी कोठी पर केवल विद्या जैन का
छत्र साम्राज्य रहता था। नौकरों को बिना अनुमति के कमरों में
श करने का अधिकार नहीं था। नैयर व गुप्ता परिवारों का जैन
ार के यहाँ काफी आना-जाना था। नैयर व गुप्ता से डा० जैन
अच्छी-खासी दोस्ती थी। अक्सर तीनों परिवार बाहर पिकनिक
दि पर भी जाया करते थे।

श्रीमती विद्या जैन व श्री ए० एल० नैयर का काफी अरसे तक घनिष्ट
बन्ध रहा। बाद में नैयर का स्थान श्री प्रेम गुप्ता ने ले लिया। नैयर
गुप्ता दोनों को एक दूसरे के भेदों का पता था। मगर दोनों ने इस
म्बन्ध में आपस में कभी चर्चा नहीं की।

एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि जब घर में आमोद-प्रमोद के लिए
वसर न मिलता तो नैयर या गुप्ता श्रीमती विद्या जैन को किसी बड़े
टल में ले जाते और वहाँ अपना नाम श्री एवं श्रीमती नैयर अथवा श्री
एवं श्रीमती गुप्ता लिखवाते।

इसका भला पूछने की चीज थोड़े ही है। पहले घर के नौकरों में काना-

धूमी शुरू हुई। फिर बात दोनों लड़कों तक पहुँची। मगर वे
अपनी माँ से क्या कहते? धीरे-धीरे बात डा० जैन के कानों त
जा पहुँची। उन्होंने शुरू में एकाध बार अपनी पत्नी को सम
मगर बदले में विद्या जैन ने ऐसा नाटक किया कि डा० जैन को
जाना पड़ा।

'तुम तो अत्यन्त दकियानूसी हो। मुझपर शक करते हु
शर्म आनी चाहिए'। श्रीमती विद्या जैन का डा० जैन को अक्स
उत्तर रहता। और डा० जैन चुप हो जाते। वह यही सोचने ल
कि कहीं वह स्वयं ही तो अपनी पत्नी पर सन्देह नहीं कर रहे हैं।

लेकिन सन्देह की बेल यदि एक बार अंकुरित हो जाए तो वह
बढ़ती ही रहती है। आखिर डा० जैन इतने नादान तो थे
अपने सामने सब कुछ देखकर भी अनदेखा करते। उन्होंने
अपनी पत्नी को समझाने की कोशिश की, मगर वह अपनी
बाज नहीं आई।

और आखिर डा० जैन ने स्थिति से समझौता कर लिया
उन्होंने अपनी पत्नी से कुछ भी कहना बन्द कर दिया। उनका
मन भीतर ही भीतर घुलने लगा। इसका परिणाम यह हुआ
अपनी पत्नी से धीरे-धीरे दूर होते गये। अब उन्होंने विद्या जैन
तटस्थता का रुख अपना लिया और खुद को भाग्य के सहारे छोड़

डा० जैन की स्थिति अपने ही घर में एक अजनबी की तरह
वह खुद को बहुत अकेला महसूस करने लगे। और यह अकेला
चाकू की तरह छीलने लगा। धीरे-धीरे उन्होंने अपने को खुद तक
कर लिया।

उधर श्रीमती विद्या जैन भी अपने को खुद तक सीमित
थीं। न उन्हें पति की परवाह थी, न पुत्रों की। परवाह थी
अपनी मौज-मस्ती की।

लेकिन विद्या जैन को समाज की परवाह थी। साथ
जन भी अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा के प्रति अत्यन्त सजग थे। मग

ापत्नी के बीच एक अलिखित समझौता हो गया कि वह घर से बाहर आदर्श दम्पति का 'नाटक' करेंगे। और अन्त तक यह नाटक चलता ।

कहते हैं कि घर से बाहर जैन-दम्पति सदैव हंसते-बोलते रहते। पस में गलबहियां डाले बतियाते रहते। उन्होंने किसी तीसरे व्यक्ति को क भी न होने दिया कि वस्तुतः वह एक दूसरे से बहुत दूर हो चुके हैं।

अक्सर जैन-दम्पति दिल्ली से बाहर सैर-सपाटे के लिए भी चले ते। जून, १९७३ में दोनों पति-पत्नी विदेश यात्रा पर भी गए और जुलाई, १९७३ को दिल्ली लौटे। इसके लगभग ५ महीनों बाद पत्नी विद्या जैन की हत्या हो गई।

और एक थी प्रेमिका

बात १९६४ के आसपास की है। दोपहर हो चुकी थी। डा० चांदनी चौक स्थित अपने क्लीनिक में बैठे थे। मरीज निबट थे। थके-थके से डा० जैन काफी की चुस्कियां ले रहे थे। काफी बाद वह घर जाने की सोच रहे थे। इधर उन्होंने काफी की आखिरी की ली कि उधर से क्लीनिक में एक युवा महिला ने प्रवेश किया। के साथ एक पुरुष भी था।

डा० जैन जाते-जाते रुक गए। महिला उनकी परिचित थी। उसके ी और दादा की आंखों का इलाज भी उन्होंने ही किया था।

उस युवा महिला का नाम था चन्द्रेश शर्मा। साथ वाला पुरुष का पति था।

"हेलो! कैसे आना हुआ?" डा० जैन ने अपने सहज स्वर में पूछा।

"डाक्टर साहिब! इनकी आंखों में काफी दिनों से तकलीफ चल रही लगातार पानी आता रहता है। जरा देख लीजिए न?" चन्द्रेश ने अपने पति का परिचय डा० जैन से कराते हुए कहा।

और डा० जैन चन्द्रेश शर्मा के पति की आंखों का निरीक्षण करने । निरीक्षण खत्म हुआ तो डा० जैन एकाएक गम्भीर से हो गए।

एकाध मिनट बाद डाक्टर ने दवा की ट्यूब उठायी और उन कज-
ी आँखों मे दवा डाल दी।

चन्द्रेश दवा की तेजी से सी-सी कर उठी।

उधर डाक्टर के होंठों से भी एक लम्बी आह-सी निकल गई।

चन्द्रेश बिना कुछ बोले चुपचाप क्लीनिक से चली गई।

डाक्टर उसे रोक न सका, चाहते हुए भी।

चन्द्रेश चली तो गई, मगर डाक्टर जैन पर जादू-सा कर गई। उसके
ितिम सौन्दर्य ने डाक्टर को विचलित कर दिया था।

चन्द्रेश थी भी बला की खूबसूरत। खिलता हुआ गोरा रंग, पंने
ा-नक्श, कन्धों तक झूलते 'बॉब हेयर', नशीली चमकदार आँखें, और
र पर मांसल देहयष्टि। उमर थी लगभग २५-२६ साल। उसकी
नोदार आँखों में गजब की कशिश थी। उसके पतले-पतले, फड़कते
ठों पर आदिम आग की परछाइयाँ तैरती थीं। यौवन के भार
गहराई उसकी 'फिगर' वीनस की संगमरमरी मूर्ति की याद दिला
ी थी। उसके चेहरे पर गजब की 'सेक्स अपील' थी। जब वह बात
रते-करते अपने लहरदार बालों को एक झटका देती थी तो ऐसा
गता था कि मानो कोई तूफान आ गया हो। चन्द्रेश ····मांसलता
ौर यौवन का ऐसा दहकता हुआ दरिया थी जिसमे डा० जैन आकंठ
ब गए।

उधर चन्द्रेश भी डाक्टर जैन की सौम्यता, सौजन्यता और ज़िन्दा-
ली से प्रभावित हुए बिना न रही। कितने बड़े आदमी हैं वह, मगर
से कितने हैं? चन्द्रेश का सारा मन इस बात से तरंगित था कि इतना
ड़ा डाक्टर उससे प्रभावित हुआ है।

वह सारी रात डाक्टर जैन की तुलना अपने पति यज्ञदेव शर्मा से
रती रही। उसे बार-बार यही लगा कि डाक्टर एक श्रेष्ठ और सम्पूर्ण
ादमी है। कैप्टन शर्मा तो उनके सामने कुछ भी नहीं।

चन्द्रेश शर्मा डाक्टर जैन की विनम्रता से बड़ी प्रभावित हुई।

"खैर। और सुनाओ, जिन्दगी कैसे कट रही है?" डाक्टर ने सहज जिज्ञासा प्रकट की।

"डाक्टर, मैंने इधर अपने देवर से शादी कर ली है। वह मिलि में कैप्टन हैं।" चन्द्रेश ने जरा मुस्कराते हुए कहा।

"बहुत खूब। बधाई। फिर तो जिन्दगी बड़ी रंगीन गुजर होगी?" डाक्टर जैन ने जरा छेड़ते हुए पूछा।

चन्द्रेश कुछ बोली नहीं। उसके गालों पर गुलाब के सुर्ख फूल खि आये।

चन्द्रेश का शर्मसार चेहरा देखकर डा० जैन का रसिया मन उठा। वह कुछ बोले नहीं, सिर्फ उसे एकटक देखते रहे।

चन्द्रेश ने अपनी आँखें ऊपर उठाई। चार आँखें मिलीं। और आँखें फिर झुक गई।

कुछ देर बाद चन्द्रेश चली गई। मगर अपने पीछे छोड़ यौवन की एक ऐसी गन्ध जो काफी देर तक डाक्टर जैन को मद रही।

अगले दिन लगभग १२ बजे के करीब फिर चन्द्रेश डा० जैन क्लीनिक में पहुँची।

कमरे में घुसते ही उसे लगा कि डाक्टर जैन पहले से ही उस प्रतीक्षा कर रहे हैं।

चन्द्रेश डाक्टर के पास वाले स्टूल पर बैठ गई।

"कहो, आँखों का क्या हाल है?"

चन्द्रेश चुप रही। सिर्फ उसने अपनी नशीली आँखें पल भर लिए ऊपर उठाईं, फिर नीची कर लीं।

डाक्टर के हाथ उठे और चन्द्रेश के चेहरे पर टिक गए। उनकी उँगलियाँ चन्द्रेश की पुतलियों को ऊपर-नीचे करने लगीं।

चन्द्रेश को एक अजीब-सी सनसनी हो रही थी।

डाक्टर की उँगलियाँ भी काँप रही थीं।

एकाध मिनट बाद डाक्टर ने दवा की टयूब उठायी और उन कजरारी आँखों में दवा डाल दी।

चन्द्रेश दवा की तेजी से सी-सी कर उठी।

उधर डाक्टर के होंठों से भी एक लम्बी आह-सी निकल गई।

चन्द्रेश बिना कुछ बोले चुपचाप क्लीनिक से चली गई।

डाक्टर उसे रोक न सका, चाहते हुए भी।

चन्द्रेश चली तो गई, मगर डाक्टर जैन पर जादू-सा कर गई। उसके अप्रतिम सौन्दर्य ने डाक्टर को विचलित कर दिया था।

चन्द्रेश थी भी बला की खूबसूरत। खिलता हुआ गोरा रंग, पैने नैन-नक्श, कन्धों तक झूलते 'बॉब हेयर', नशीली चमकदार आँखें, और उस पर मांसल देहयष्टि। उमर थी लगभग २५-२६ साल। उसकी पानीदार आँखों में गजब की कशिश थी। उसके पतले-पतले, फड़कते होंठों पर आदिम आग की परछाइयाँ तैरती थीं। यौवन के भार से गदराई उसकी 'फिगर' वीनस की संगमरमरी मूर्ति की याद दिला देती थी। उसके चेहरे पर गजब की 'सेक्स अपील' थी। जब वह बात करते-करते अपने लहरदार बालों को एक झटका देती थी तो ऐसा लगता था कि मानो कोई तूफान आ गया हो। चन्द्रेश ···मांसलता और यौवन का ऐसा दहकता हुआ दरिया थी जिसमें डा० जैन आकंठ डूब गए।

उधर चन्द्रेश भी डाक्टर जैन की सौम्यता, सौजन्यता और जिन्दादिली से प्रभावित हुए बिना न रही। कितने बड़े आदमी हैं वह, मगर भले कितने हैं? चन्द्रेश का सारा मन इस बात से तरंगित था कि इतना बड़ा डाक्टर उससे प्रभावित हुआ है।

वह सारी रात डाक्टर जैन की तुलना अपने पति महादेव शर्मा से करती रही। उसे बार-बार यही लगा कि डाक्टर एक श्रेष्ठ और सम्पूर्ण आदमी हैं। कैप्टन शर्मा तो उनके सामने कुछ भी नहीं।

। महसूस होता था कि चन्द्रेश उनके जीवन की नौका बन चुकी है।
नों एक दूसरे के पूरक बन चुके थे।

क्लीनिक मे डा० जैन व चन्द्रेश के सम्बन्धो को लेकर कुछ-कुछ
नाफूसी शुरू हो गई थी। क्लीनिक से बात उड़ी तो रोमांस की गन्ध
० जैन के घर तक आ पहुँची।

श्रीमती विद्या जैन बहुत ही तेज और समझदार स्त्री थीं। जब
न्होंने अपने पति व चन्द्रेश के सम्बन्धों के बारे में सुना तो एकाएक उन्हें
श्वास ही न आया। मगर जब प्रमाण मिलने शुरू हुए तो वह बौखला
ठीं। वह सहन न कर पायी कि उनका पति एक विधवा से इश्क लड़ाये।
ह अपनी कारगुजारियों को भूल चुकी थीं। उनकी नजर में डा० जैन
दोषी थे।

एक रात सोते समय पति-पत्नी के बीच चन्द्रेश शर्मा को लेकर अच्छी-
ासी तकरार हो गई। डा० जैन पहले तो अपनी पत्नी के वाकबाण
चुपचाप सुनते रहे। अन्ततः उनसे रहा न गया और उन्होंने विद्या
जैन पर उसके सम्बन्धों को लेकर छींटा-कशी कर दी। बस, फिर क्या
था ? विद्या जैन का गुस्सा कहर ढाने लगा। परेशान से डा० जैन दूसरे
कमरे में सोने चले गये।

अगली सुबह उन्होंने अपनी पत्नी को समझाने का प्रयत्न किया कि
उसके सारे सन्देह निर्मूल हैं। गुबार निकलने के बाद श्रीमती विद्या जैन
कुछ संयत हो चुकी थीं। वह चुप रहीं। कुछ देर बाद डा० जैन
अपने क्लीनिक चले गए और विद्या जैन प्रेम गुप्ता का नम्बर मिलाने
लगीं।

डा० जैन ने सोचा कि उनके और चन्द्रेश शर्मा के सम्बन्धों को लेकर
कोई और बवंडर खड़ा न हो, अतः कोई ऐसा रास्ता निकालना चाहिए
जिससे लोगों को शक भी न हो, और दूसरी तरफ उन्हें चन्द्रेश शर्मा का
सान्निध्य भी मिलता रहे।

क्लीनिक में आकर उन्होंने सारे मामले पर चन्द्रेश शर्मा से विचार-
विनिमय किया। चन्द्रेश भी सोच मे पड़ गई। लेकिन वह काफी तेज

लगा। अपनी सहेलियों के व्यंग्यबाण वह सह न सकी। वह अस्वस्थ हो गई। चन्द्रेश को लगा कि यह सब विधा जैन के कारण हुआ है। यह हमारे बीच न होती तो डा० जैन उसे जरूर अपने साथ विदेश ले यदि यह डा० जैन की पत्नी होती तो क्या डा० जैन उसे छोड़कर सकते थे ?

बस, आहत चन्द्रेश शर्मा फुफकार उठी। उसने निश्चय कि हर हालत में, किसी भी तरीके से विधा जैन को बीच से होगा। उसे हर कीमत पर डा० जैन की पत्नी बनना है।

तुम पियो रस मेघ का

उस दिन चन्द्रेश शर्मा शीशे के सामने खड़ी बाल संवार रही थी और अपने ही सौन्दर्य पर मुग्ध हुए जा रही थी।

जैसे ही शीशे के और करीब आकर उसने होंठों पर लगाई कि वह चौंक गई। अरे! यह क्या?

उसने छोटा शीशा पकड़ा और बहुत करीब से अपने गालों को लगी। हाय राम। यह कैसे हुआ?

चन्द्रेश के गालों पर हल्की-हल्की झाइयाँ उतर आई थीं। देखकर वह घबरा-सी गई। कहीं यह और न बढ़ जाएँ। वह सारा चेहरा खराब हो जाएगा। फिर डाक्टर क्या कहेगा?

चन्द्रेश अपने सौन्दर्य के प्रति बहुत सचेत रहने वाली महिला वह अपने चेहरे पर हल्का-सा दाग भी सहन न कर सकती थी। और तो झाइयाँ हैं। एक बार हो जाएँ तो बढ़ती ही जाती हैं।

चन्द्रेश ने देर नहीं की। उसी समय डाक्टर को फोन किया किसी 'चर्म रोग विशेषज्ञ' का नाम व पता पूछ लिया। डाक्टर ने प्लेस के एक सुप्रसिद्ध चिकित्सक का नाम बता दिया। चन्द्रेश ने वक्त फोन करके उस चिकित्सक से भेंट का समय ले लिया। जैन भी उस चिकित्सक को फोन कर चुके थे।

नियत समय पर चन्द्रेश शर्मा उस चिकित्सक से मिलने चली

चिकित्सक ने निरीक्षण करने के बाद चन्द्रेश से कहा, "आप में 'आयरन' की कमी है। यह दवाइयाँ कुछ दिन खाइए। अच्छा हो, यदि आप दिन में एक बार सेब के रस का सेवन किया करें। निश्चिन्त रहें, आप बिल्कुल ठीक हो जायेंगी।"

चन्द्रेश क्लीनिक से बाहर निकली तो उसने पास ही केमिस्ट से दवाइयाँ खरीद लीं। अब वह फलों के रस की किसी दुकान की तलाश में रीगल तक चली आई। वहाँ से उसने किसी से पूछा तो उसे बताया गया कि मोहनसिंह प्लेस में ऐसी कई दुकानें हैं। चन्द्रेश के कदम मोहनसिंह-प्लेस की ओर बढ़ गए।

पहली मंजिल पर ही उसे फलों के रसों की कई दुकानें नजर आईं। एक अच्छी-सी दुकान के सामने रुककर उसने सेब के रस के एक गिलास का आर्डर दे दिया।

रस पीकर, सन्तुष्ट-सी चन्द्रेश चली गई।

अगले दिन वह फिर उसी दुकान पर रस पीने चली आई। आज वहाँ पहले से ही एक युवक खड़ा सेब का रस पी रहा था। चन्द्रेश ने उसकी तरफ ध्यान नहीं दिया। वह चुपचाप रस पीती रही। मगर वह युवक चन्द्रेश के दहकते सौन्दर्य को देखकर रोमांचित हो उठा। चन्द्रेश ने पैसे चुकाए और चलती बनी। मगर वह युवक वहीं खड़ा उसे देखता ही रहा।

अगले दिन जब चन्द्रेश फिर उसी दुकान पर रस पीने गई तो वही रस वाला युवक वहाँ पहले से ही खड़ा था। आज चन्द्रेश ने उसे नजर भर के देखा।

उसकी उमर रही होगी लगभग २५-२६ साल, यानि चन्द्रेश का हम उम्र। ६ फुट को छूता लम्बा कद। हल्का साँवला रंग। मुंह पर चेचक के दाग। भरा-भरा, बलिष्ठ बदन। चेहरे पर एक अजीब सी कशिश। होंठों पर एक मासूम मुस्कराहट।

चन्द्रेश ने उसकी तरफ देखा तो वह पहले से ही उसकी तरफ देख रहा था। चन्द्रेश ने नजरें घुमा लीं। रस पिया, पैसे चुकाए और चली गई।

क निडर और बलिष्ठ युवक है। वह उसके लिए खतरों से भी भिड़ सकता है।

ऐसी ही एक मीटिंग के दौरान राकेश ने डींग हांकी कि उसकी हरि-याणा के कई मंत्रियों से जान-पहचान है। वह कई संसद-सदस्यों को भी जानता है। उसकी पहुंच दूर-दूर तक है।

अब चन्द्रेश ने राकेश के बारे में गम्भीरता से सोचना शुरू कर दिया। से लगा कि यह तो बड़े काम का आदमी है। इसका सही उपयोग किया जाना चाहिए।

उधर उसने पक्का निश्चय कर ही लिया था हर कीमत पर उसे विद्या न को अपने रास्ते से हटाना है। चन्द्रेश को यह काम बड़े जोखिम का ग रहा था। इतनी बड़ी मुहिम में उसे किसी विश्वासपात्र साथी की आवश्यकता थी। उसे लगा कि राकेश कौशिक उसकी सहायता कर सकता है।

और एक दिन उसने राकेश कौशिक के आगे अपना दिल खोल ही दया। उसने राकेश को साफ बता दिया कि वह डा० जैन से विवाह रना चाहती है। इसमें रुकावट है विद्या जैन। बिना विद्या जैन को टाए वह डा० जैन की पत्नी कभी नहीं बन सकती।

राकेश कौशिक चन्द्रेश से अत्यन्त प्रभावित था। जाने किस बात से रित होकर उसने चन्द्रेश से कह दिया कि वह इस 'मिशन' में उसके साथ हेगा। "जहां तक विद्या जैन को हटाने का सवाल है, यह काम तो टकियां बजाते ही कर दूंगा।" राकेश ने चन्द्रेश को आश्वासन देते ए कहा।

चन्द्रेश राकेश का सहारा पाकर आश्वस्त हुई। उसे लगा कि शायद ह अब अपने उद्देश्य में सफल हो जाएगी।

मिशन की सफलता के लिए यह आवश्यक था कि राकेश कौशिक । डा० जैन से मिलवाया जाय। लेकिन उसका क्या कहकर परिचय दिया ाय। डा० जैन उसके प्रेमी थे, अतः वह चन्द्रेश के किसी अन्य मित्र को पर सहन न कर पायें। कुछ ऐसा ही सोचकर चन्द्रेश ने राकेश को

सकी। चन्द्रेश को जल्दी थी। वह चली गई।

इसके बाद चन्द्रेश पीर सैयद से नहीं मिली। जाने क्यों?

कहते हैं कि उपर्युक्त भेंट के बाद चन्द्रेश ने राकेश कौशिक से जब अपनी समस्या पर विचार-विनिमय किया तो उसने कहा कि मैं मुज-फ्फरनगर के एक प्रसिद्ध ज्योतिषी को जानता हूं। हमें पहले तुम दोनों की जन्म-कुंडलियां बनवानी चाहिये। फिर किसी जाने-माने ज्योतिषी सलाह लेंगे।

इसके कुछ ही दिनों बाद चन्द्रेश व राकेश कौशिक का हरिद्वार जाने कार्यक्रम बन गया। राकेश ने मुजफ्फरनगर से होकर हरिद्वार जाने निश्चय किया। चन्द्रेश ने भी हां कर दी।

यह बात १९७०-७१ के आसपास की है।

नियत दिन वे दोनों मुजफ्फरनगर पहुंचे और वहां के सुप्रसिद्ध योतिषी श्री आनन्दमणि से मिले। श्री आनन्दमणि ३३ वर्ष के तरुण ।

चन्द्रेश ने आनन्दमणि से राकेश कौशिक का परिचय अपना भाई हकर कराया।

"मैं आपके पास बहुत दूर से आई हूं" चन्द्रेश बोली—"आप एक रुष व एक स्त्री की जन्मकुंडली बना दें।

आनन्दमणि तैयार हो गए। उन्होंने दोनों व्यक्तियों की जन्म तिथियों के बारे में पूछा।

चन्द्रेश ने पुरुष की जन्म तिथि बताई—सम्वत् १९७७ (शक १८४२) वैशाख शुक्ला पक्ष, तिथि एक। और वंश 'जैन वंश'। महिला की जन्म तिथि थी—विक्रमी सम्वत् १९९६, भादों, शुक्ला पक्ष, अष्टमी। महिला के पिता का नाम लिखाया गया—श्री दीपचन्द शर्मा। (चन्द्रेश शर्मा के पिता का नाम श्री दीपचन्द शर्मा था।)

चन्द्रेश ने जानबूझ कर अपना व डा० जैन का नाम नहीं बताया। ज्योतिषी आनन्दमणि ने भी नाम जानने पर जोर नहीं दिया, क्योंकि जन्म कुंडलियां बनाने में केवल जन्म तिथियों की ही जरूरत होती है।

पत्नी बनना है और उसके लिए विद्या जैन को मार्ग से दूर करना है।
डा० जैन विद्या जैन को तलाक देने को तैयार नहीं थे। विद्या जैन
घ मरने वाली नहीं है। जादू-टोने से चन्द्रेश विद्या जैन का कुछ
गाड़ नहीं सकी। तो फिर क्या किया जाए?

अब सिर्फ एक ही रास्ता बच जाता है—और वह है विद्या जैन का
स्तित्व मिटा देना!

हत्या का ख्याल आते ही एक बार तो चन्द्रेश कांप-सी गई। ओफ!
गर दूसरे ही क्षण उसे लगा कि इसके सिवा चारा ही क्या है?

उसने कौशिक से जब अपना मन्तव्य प्रकट किया तो पहले वह भी
कि पड़ा। मगर बाद में वह भी इस निर्णय पर पहुंचा कि बिना विद्या-
न की हत्या के चन्द्रेश डा० जैन की पत्नी नहीं बन सकती। और उसने
न्द्रेश की ओर सहयोग का हाथ बढ़ा दिया।

चन्द्रेश और कौशिक रात दिन योजना बनाते कि किस ढंग से विद्या
न की हत्या की जाय? चन्द्रेश का दिमाग इस दिशा में ज्यादा आगे
न चल सका मगर कौशिक का दिमाग बहुत तेजी से दौड़ने लगा।
सने चन्द्रेश को आश्वस्त कर दिया कि विद्या जैन की हत्या की योजना
ाने व उसे कार्यान्वित करने का काम वह बखूबी कर लेगा।

इस तरह विद्या जैन हत्याकांड का 'डायरेक्टर आफ आपरेशन'
न गया राकेश कौशिक। उसकी प्रेरक बनी—चन्द्रेश शर्मा।

विद्या जैन की हत्या से कुछ दिन पहले चन्द्रेश ने सोचा कि क्यों न किसी
योतिषी से सलाह-मशविरा कर लिया जाए। क्या पता विद्या जैन की
त्या के बाद डा० जैन उससे शादी करने से इन्कार कर दें। इसलिए
ह आश्वस्त होना चाहती थी कि क्या विद्या जैन के बाद वह डा० जैन की
त्नी बन सकेगी?

चन्द्रेश ने किसी अच्छे ज्योतिषी की तलाश शुरू कर दी। हौज काजी
फलों के रस के एक विक्रेता मोहन ने चन्द्रेश को बताया कि रामा-कृष्णा
रम् में भगवानदास नामक एक प्रसिद्ध ज्योतिषी रहता है। वह भूत-
विष्य की सब बातें बता देता है।

२८ नवम्बर १९७३ को चन्द्रेश राकेश कौशिक को ज्योतिषी भगवानदास के पास पहुंची। भगवानदास १२ -- और सी० बी० आई० में काम करता था। मगर ज्योतिष थी। उसकी ख्याति दूर-दूर तक थी।

चन्द्रेश ने एकान्त में भगवानदास से बातचीत की। उसने उन्हें कि पति की मृत्यु के बाद उसके सम्बन्ध किसी अन्य व्यक्ति से बने। कुछ दिनों बाद ये सम्बन्ध खत्म हो गये। आजकल उसके सम्बन्ध अन्य व्यक्ति से चल रहे हैं। आप कृपया यह बताएं कि क्या मेरा उस व्यक्ति से हो सकेगा? चन्द्रेश ने अत्यन्त कातर स्वर में दास ने पूछा।

"उस व्यक्ति का नाम क्या है, जिससे तुम विवाह करना हो?" ज्योतिषी भगवानदास का प्रश्न था।

"उस व्यक्ति का नाम 'एन' से शुरू होता है।" चन्द्रेश नरेन्द्र सिंह जैन का नाम छुपाने के उद्देश्य से कहा।

"मगर यह बताओ कि 'एन' किस नाम के लिए है?"

"किसी नाम के लिए भी हो सकता है। यथा, नारायण, नरे आदि या फिर कोई भी नाम जिसकी राशि वृश्चिक होती है।" च उत्तर था।

"ऐसे काम नहीं चलेगा। बिना जन्मकुंडली देखे मैं कुछ न सकता। अच्छा, उस व्यक्ति की आयु क्या है?"

"यही ५० और ५२ के बीच।"

"क्या वह अविवाहित है? ज्योतिषी भगवानदास की थी।

"नहीं, वह विवाहित है।" चन्द्रेश ने नजरें चुराते हुए कह

यह सुनते ही भगवानदास जरा चौंक से गये। ज्योतिष शौकिया थी, व्यवसाय नहीं। अतः उन्होंने चन्द्रेश से स्पष्ट शब्दों में "तुम किसी का दाम्पत्य जीवन बरबाद करने पर तुली हो। अतः मैं मामले में कोई भी भविष्यवाणी नहीं कर सकता।"

चन्द्रेश यह उत्तर सुनकर हताश नहीं हुई। वह बड़े आत्मविश्वास से बोली, "आप जन्मकुंडली खुद देख लीजिए। आपको स्वयं विश्वास हो जाएगा कि उस व्यक्ति की पत्नी इसी योग्य है कि उसे त्याग देना चाहिए।"

इस पर ज्योतिषी भगवानदास चुप रहे।

और चन्द्रेश यह कहकर चली आई कि रविवार को वह जन्मकुंडली लेकर आएगी।

नियत दिन चन्द्रेश जन्म कुंडलियां लेकर ज्योतिषी भगवानदास के घर पहुंची। उस दिन उसके साथ राकेश कौशिक नहीं था। भगवानदास ने उसके बारे में पूछा तो चन्द्रेश ने उत्तर दिया—"भाई साहब मुझे यहां तक छोड़ गये हैं। उन्हें कहीं काम था। अतः वह चले गये हैं।"

ज्योतिषी भगवानदास ने जन्मकुंडलियां चन्द्रेश से ले लीं। एक सरसरी नजर से उन्हें देखा और चन्द्रेश से बोले, "आप इन्हें यहीं छोड़ जाइए। मैं इनका अध्ययन कर लूंगा। १५-२० दिनों के बाद मुझसे मिलना। फिर जो चाहे प्रश्न पूछना।"

इस बीच कुछ अन्य लोग वहां आ गए थे। अतः चन्द्रेश उठी और चली गई।

उसे १५-२० दिनों बाद ज्योतिषी भगवानदास से कुछ पूछने का अवसर ही नहीं मिला।

हत्या के चक्कर में १० हजार फूंके

राकेश कौशिक ने विद्या जैन की हत्या करवाने की जिम्मेदारी तो अपने सिर ले ली, मगर हत्या की बात करना और, उसे कार्यान्वित करना और बात है। उसे महसूस होने लगा कि यह काम इतना आसान नहीं है जितना उसने समझ रखा था। उसको डींग मारने की आदत ने ही उसे फंसा दिया था। चन्द्रेश के वह इतना प्रभावित था कि एक बार 'हां' कहकर पीछे नहीं हट सकता था। अपने वायदे से मुकर के वह एक और के आगे अपनी कायरता नहीं दिखाना चाहता था।

विद्या जैन की हत्या के ... कौशिक

"तो फिर उससे क्यों मिलना चाहते हो?" रामफल ने पूछा।

"मुझे एक पारिवारिक समस्या परेशान किए हुए है।"

"बेहतर हो तुम कमांडर से मिलो जो तुम्हें पुलिस की सहायता देंगे।" रामफल ने सुझाव दिया।

कौशिक पहले तो चुप रहा। फिर उसने दूसरा ही सवाल रामफल छा, "मगर तुम जग्गी को कैसे जानते हो?"

'मेरे गांव का ही एक बदमाश है—करनसिंह। उसी के माध्यम से जग्गी के बारे में जानता हूं।" रामफल ने उत्तर दिया।

अब कौशिक की रुचि करनसिंह में हो गई। उसने करनसिंह का पूछा तो रामफल ने बता दिया कि वह सिविल लाइन्स के क्वार्टरों फूलदास के साथ रहता है।

उस वक्त बात यहीं खत्म हो गई। मगर कौशिक ने निश्चय कर लिया वह शीघ्र ही करनसिंह से मिलेगा। शायद काम बन जाय।

कुछ ही दिनों बाद राकेश कौशिक सिविल लाइन्स में फूलदास के र्टर पर करनसिंह से मिला। राकेश कौशिक ने उसे बताया कि उसे मफल ने भेजा है।

"किसलिए——?" करनसिंह अपने अक्खड़पन में बोला।

कौशिक करनसिंह के करीब खिसक आया और आहिस्ते से बोला, मुझे एक ऐसे आदमी की जरूरत है जो एक डाक्टर की पत्नी का कत्ल र सके।"

करनसिंह की आंखें बस एक पल के लिए चमकीं।

"मैं इस पर सोचूंगा।" उसने कुछ देर बाद कहा।

फिर आने का वायदा करके राकेश कौशिक वहां से चला आया।

उपर्युक्त घटना के १०–१२ दिनों बाद राकेश फिर करनसिंह से मिलने या। इस समय उसके साथ चन्द्रेश शर्मा भी थी।

"पहले यह बताओ कि कत्ल किसका करना है?" करनसिंह का हला प्रश्न था।

राकेश कुछ बोलता, कि इससे पहले चन्द्रेश बोल पड़ी, "तुम्हें

फूलदास के यह पूछने पर कि कौशिक उससे कौन सा काम करवाना चाहता है करनैलसिंह ने उसे बताया, "वह मुझसे एक स्त्री की हत्या करवाना चाहता है जो कि मैं करना नहीं चाहता।"

आखिर करनैलसिंह कौशिक से कब तक बचता? कुछ दिनों बाद कौशिक ने उसे फूलदास के क्वार्टर पर पकड़ ही लिया।

"तुमने काम नहीं किया। अतः पैसा वापिस करो।" कौशिक गुस्से से चीखा।

मगर करनैलसिंह बोला नहीं, बस हंसता रहा।

उसे हंसता देखकर कौशिक गुस्से में पागल हो गया। दिल तो उसका कर रहा था कि इस बदमाश की गर्दन दबोच ले। मगर करनैलसिंह से उलझना उसने ठीक न समझा। अलबत्ता उसने करनैलसिंह को खूब खरी-खोटी सुनाई।

उधर करनैलसिंह भी कम थोड़े ही था। उसने भी ईंट का जवाब पत्थर से दिया।

"मैं पंचायत बुलाऊंगा, और तुम्हें देख लूंगा।" कौशिक ने धमकी दी और वहां से चला गया।

कहते हैं कि करनैलसिंह ने वह दस हजार रुपए एक ट्रक खरीदने में लगा दिए।

इस तरह विद्या जैन की हत्या कराने का पहला षड्यन्त्र विफल रहा।

मगर चन्द्रेश व कौशिक चुप होकर बैठने वाले नहीं थे।

एक और विफल प्रयास

करनैलसिंह के दगा देने पर कौशिक दुःखी तो बहुत हुआ, पर हताश नहीं। उसने सोचा, चूंकि उसने एक अपरिचित और 'व्यावसायिक' व्यक्ति को चुना इसलिए रुपये भी गए और योजना भी गुड़-गोबर हो गई। व्यावसायिक आदमी का क्या भरोसा कि कब दगा दे दे?

: हौज काजी पहुंच गया। यहीं चन्द्रेश शर्मा रहती थी।

"यह लो ५ रुपए। चाय पानी पी लो। मैं अभी आता हूं। मेरा इन्त-
ार करना।" कहकर कौशिक एक गली में चला गया चन्द्रेश से मिलने।

कुछ ही देर बाद कौशिक लौट आया। वे दोनों वहां से कमला
कॉट गए और एक पेट्रोल पम्प पर खड़े-खड़े रात आठ बजे तक किसी
। इन्तजार करते रहे। शायद चन्द्रेश का। कौशिक को पता था कि
१० जैन चन्द्रेश को इसी जगह पर उतारा करते थे।

काफी देर तक जब वहां कोई न आया तो निराश हो कौशिक ने टैक्सी
ड़ी और दिल्ली कैंट चला गया। रामकिशन साथ ही था और उस
ात रामकिशन कौशिक के साथ उसी के कमरे में सोया।

अगली सुबह वे दोनों फिर हौज काजी पहुंचे। राकेश ने उसे मोड़
र इन्तजार करने के लिए कहा और खुद एक गली में चला गया। कुछ
र बाद वह लौटा और उसने रामकिशन को चालीस रुपए थमा दिये।

"मेरे पास अभी ट्रक के पार्ट्स खरीदने का पैसा नहीं है। मुझे घर
ाकर पैसों का इन्तजाम करना पड़ेगा।" कौशिक ने रामकिशन से कहा।
"तुम कैन्ट जाकर मेरे कमरे में आराम करो। कल मुझे फिर यहीं
मिलना।" इतना कहकर कौशिक चला गया। और रामकिशन दिल्ली
कैन्ट रवाना हुआ।

